**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**18.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## आज के मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड किए वितरित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 84 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल– गरीबों व वंचितों को नहीं मिल रहा हिमकेयर सुविधा का लाभ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।

## समाचार विस्तार से............

### स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50 हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 साल पहले शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत अब तक डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना लागू होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में दो करोड़ 25 लाख से अधिक संपत्ति के दस्तावेज जारी किए जा चुके हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि संपत्ति के उचित दस्तावेज न होना एक बड़ी समस्या है और इस कारण ही विवाद पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के उचित प्रलेखन से बैंकों से ऋण मिल पाएगा और अवैध अतिक्रमण से संरक्षण मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले सात से आठ वर्षों में देश में 98 प्रतिशत जमीन के रिकॉर्ड डिजिटल किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि संपत्ति के अधिकार उपलब्ध होने से ग्राम पंचायतों की समस्याओं का समाधान होगा और कहा कि संपत्ति के वैध दस्तावेज होने से आपदा के मामले में उचित दावा भी मिल पाएगा। स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में संपत्ति स्वामियों को स्वामित्व का अधिकार प्रदान करना है। सर्वेक्षण के लिए अत्याधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवारों को स्वामित्व का अधिकार प्रदान कर ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष 2020 में

स्वामित्व योजना शुरू की गई थी। इस बीच स्वामित्व योजना के तहत आज हमीरपुर की 27 ग्राम पंचायतों में लगभग एक हज़ार एक सौ 6 लोगों को संपत्ति कार्ड वितरित किए गए।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 84 करोड़ 33 लाख रुपए की 15 विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर ज्वाली में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने 2 साल के कार्यकाल में कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया और व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ साहसिक और सुधारात्मक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं और सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार अप्रैल माह में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों का सर्वेक्षण फिर से शुरू करेगी ताकि कोई लाभार्थी अपने अधिकार से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग का ध्यान रख रही है और प्रदेश के 6 हज़ार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोटला पुलिस चौकी को पूर्ण पुलिस स्टेशन में स्तरोन्नत करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और आयुष मंत्री यादविन्दर गोमा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## स्वीकृति पत्र

कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस.रवीश ने आज तांदी गांव के अग्निकांड प्रभावितों के लिए अधिसूचित विशेष राहत पैकेज का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि राहत पैकेज की राशि प्रभावितों को 3 किश्तों में प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बीते दिनों तांदी गांव का दौरा कर प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा की थी।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के 2 साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और सरकार गरीबों का मुफ्त ईलाज की सुविधा से वंचित कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि आई.जी.एम.सी. में कैंसर से पीड़ित एक मरीज़ को हिमकेयर सुविधा न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का इस तरह का अमानवीय दृष्टिकोण प्रदेश के गरीब लोगों के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री को गरीब व असहाय लोगों के बारे में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह भी दी।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए.आई.आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए. आई.आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए.आई.आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

## मांग

शिमला–तारादेवी–टुटू बाईपास के बीच आज सुबह नगर निगम शिमला की कूड़े की गाड़ी के गहरी खाई में गिरने से चालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना को लेकर सैहब सोसायटी के तहत काम कर रहे चालकों ने नगर निगम की गाड़ियों के रख–रखाव को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि कूड़े के लिए लगाई गई गाड़ियों की हालत सही न होने के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। चालकों ने काम के दौरान इस तरह के हादसे में मृतक के परिवार को 25 लाख रूपये तक की मुआवजा राशि के साथ ही सरकारी नौकरी देने की भी मांग की। चालकों ने उनकी मांगों पर गौर न किए जाने पर सोमवार से काम पर न आने की चेतावनी भी दी।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति के ताबो में आज न्यूनतम तापमान माइनस 11 दशमलव 9, केलंग में माइनस 9 दशमलव 5, समदो में माइनस 7 दशमलव 3, कुकुमसेरी में माइनस 5 दशमलव 9 और कल्पा में माइनस एक दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य के निचले जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, व मंडी के कुछ क्षेत्रों में देर रात और सुबह के समय कोहरा छाए रहने व पाला पड़ने से शीतलहर जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के उच्च व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड किए वितरित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 84 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल– गरीबों व वंचितों को नहीं मिल रहा हिमकेयर सुविधा का लाभ।

**और**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।

---